रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 435] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, अगस्त 21, 2014/श्रावण 30, 1936
No. 435] NEW DELHI, THURSDAY, AUGUST 21, 2014/SRAVANA 30, 1936

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 अगस्त, 2014

सा.का.नि. 600(अ).—केंद्रीय सरकार, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) की धारा 75 के साथ पठित धारा 43 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

भाग 1
प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.-

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान कर्मचारी (भर्ती और अन्य सेवा शर्तें) नियम, 2014 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं.- इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "अधिनियम" से आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) अभिप्रेत है ;

(ख) "शैक्षणिक कर्मचारिवृंद" से (अनुसंधान सहकारी, सहायक आचार्य, सह-आचार्य, आचार्य) **के संकाय पदों और परामर्शियों के पद पर नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है ;**

(ग) संस्थान के किसी पद के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से उस पद पर नियुक्ति करने के लिए सक्षम प्राधिकारी अभिप्रेत है ;

(घ) "उधार में लिया गया कर्मचारी" से किसी ऐसे प्राधिकरण का कर्मचारी अभिप्रेत है जिसकी सेवाएं संस्थान द्वारा उधार पर ली गई है ;

(ङ) "कर्मचारी" से संस्थान के मंजूर किए गए किसी पद पर संस्थान में सेवारत कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(च) "अन्यत्र सेवा" से ऐसी सेवा अभिप्रेत है जिसके लिए कोई कर्मचारी, नियुक्ति प्राधिकारी के अनुमोदन से संस्थान की निधि से भिन्न किसी स्रोत से अपना वेतन प्राप्त करता है;

(छ) "संस्थान" से भारत सरकार के गृह मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1862(अ), तारीख 30 अक्तूबर, 2006 द्वारा गठित राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान अभिप्रेत है;

(ज) "वेतन" से सुसंगत तारीख की अनुज्ञेय वेतन अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत विशेष वेतन और निजी वेतन तथा उधार में लिए गए कर्मचारियों की दशा में प्रतिनियुक्ति भत्ता भी है किंतु इसके अंतर्गत कोई अन्य भत्ते, फीस या मानदेय सम्मिलित नहीं हैं ;

(झ) "स्थायी पद" से समय सीमा के बिना स्वीकृत निश्चित वेतन दर वाला पद अभिप्रेत है ;

(ञ) किसी ग्रेड के संबंध में "नियमित सेवा" से विहित प्रक्रिया के अनुसार और परिवीक्षा अवधि पूरी करने के पश्चात् किसी मंजूर किए गए पद पर नियुक्ति अभिप्रेत है ;

(ट) "मंजूरी प्राधिकारी" से

(i) समूह क पदों के संबंध में केंद्रीय सरकार अभिप्रेत है ;

(ii) समूह क और समूह ग पदों के संबंध में कार्यकारी निदेशक अभिप्रेत हैं ;

(ठ) "अनुसूची" से इन नियमों की अनुसूची अभिप्रेत है ;

(ड) "अस्थायी कर्मचारी" से किसी अस्थायी पद पर अस्थायी कर्मचारी की सेवा या किसी स्थायी पद पर स्थानापन्न सेवा अभिप्रेत है ;

(ढ) "अस्थायी पद" से किसी सीमित समय के लिए एक निश्चित वेतन दर वाले पद अभिप्रेत है ;

(ण) "शासी निकाय" से आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 42 की उपधारा (4) के अधीन गठित संस्थान का शासी निकाय अभिप्रेत है ।

भाग 2
भर्ती के निबंधन और शर्तें

3. पदों के नाम, संख्या, वर्गीकरण आदि.-

संस्थान के विभिन्न प्रवर्गों के पदों के नाम, संख्या, वर्गीकरण, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन वे होंगे जो अनुसूची के स्तंभ (1) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. भर्ती की पद्धति, आयुसीमा और अन्य अर्हताएं आदि.-

भर्ती की पद्धति, आयुसीमा और अन्य अर्हताएं आदि वे होंगी जो अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं ।

5. प्रारंभिक गठन.-

(1) नियमित वेतन और ग्रेड वेतन बैंड वाले विभिन्न पदों पर नियुक्त सभी कर्मचारियों को इन नियमों के अधीन संस्थान में उनकी सेवा की तारीख से क्रमश: उनके पदों पर नियुक्त समझा जाएगा ।

(2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट कर्मचारियों द्वारा संस्थान में की गई सेवाओं को संस्थान में उनकी सेवा की तारीख से प्रोन्नति, पुष्टि, परिवीक्षा अवधि और पेंशन के लिए अर्हक सेवा के प्रयोजन के लिए गणना में लिया जाएगा ।

IndiaCode

भाग 3
नियुक्ति, सेवा निवृत्ति और त्याग पत्र

6. ज्येष्ठता.- प्रत्येक प्रवर्ग में कर्मचारी की ज्येष्ठता, उस योग्यता क्रम द्वारा अवधारित की जाएगी जिसमें उस श्रेणी में नियुक्ति के लिए उनका चयन किया गया था और संस्थान में उसकी प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख को अभिप्राप्त उसकी सापेक्ष ज्येष्ठता द्वारा शासित होगी ।

7. परिवीक्षा.- (1) सीधी भर्ती द्वारा संस्थान में से किसी पद पर नियुक्त प्रत्येक कर्मचारी अनुसूची के स्तंभ (9) में यथाविनिर्दिष्ट अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा ।

परंतु कार्यपालक निदेशक, लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से और केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से ऐसे मामलों में, जो आवश्यक समझे जाएं, परिवीक्षा की अवधि बढ़ा सकेगा :

परंतु यह और कि परिवीक्षा अवधि बढ़ाए जाने का कोई विनिश्चय, परिवीक्षाधीन अवधि समाप्त होने के पश्चात् आठ सप्ताह के भीतर लिया जाएगा और संबंधित कर्मचारी को, ऐसा करने के कारणों सहित लिखित में संसूचित किया जाएगा ।

(2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट बढ़ाई गई परिवीक्षा अवधि, किसी भी दशा में विनिर्दिष्ट परिवीक्षा अवधि के आधे से अधिक नहीं होगी ।

(3) परिवीक्षा अवधि या उसकी कोई विस्तारित अवधि पूरी होने पर कर्मचारियों को, यदि नियुक्ति के लिए ठीक समझे जाते हैं, नियमित आधार पर उनकी नियुक्तियों में प्रतिधारित किया जाएगा और ऐसी परिवीक्षण की समाप्ति के आठ सप्ताह के भीतर पुष्टि की जाएगी ।

(4) यदि, यथास्थिति, परिवीक्षा अवधि या उसकी किसी विस्तारित अवधि के दौरान संस्थान की यह राय है कि अधिकारी स्थायी नियुक्ति के योग्य नहीं है तो संस्थान, अभ्यर्थी को, यथास्थिति, सेवोन्मुक्त या इस नियुक्ति से पूर्व उसके द्वारा धारित पद पर प्रतिवर्तित कर सकेगा या ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जो वह ठीक समझे ।

8. विभिन्न पदों पर सभी नियुक्तियां, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से संस्थान द्वारा की जाएंगी ।

9. योग्यता और पूर्ववृत्त प्रमाणपत्र.- कोई भी व्यक्ति सीधी भर्ती द्वारा किसी पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक –

(क) वह स्वयं अपने खर्चे पर संस्थान द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत किसी चिकित्सा व्यवसायी से विहित रूप विधान में शारीरिक स्वस्थता का प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं कर देता है:

परंतु छह मास से कम की अवधि के लिए अस्थायी नियुक्ति हेतु ऐसा कोई प्रमाणपत्र अपेक्षित नहीं होगा ।

परंतु यह और कि छह मास से अधिक किसी विस्तारण के लिए शारीरिक स्वस्थता चिकित्सा प्रमाणपत्र अपेक्षित होगा ।

(ख) नियुक्त प्राधिकारी का यह समाधान नहीं हो जाता है कि उसका उत्तम चरित्र और पूर्ववृत्त है ।

10. भारत के किसी भाग में सेवा का दायित्व.- संस्थान के कर्मचारी भारत में किसी भी स्थान पर सेवा करने के लिए दायी होंगे ।

11. प्रतिनियुक्ति.- कोई कर्मचारी जिसकी प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति की जाती है, अनुशासन, आचरण, भविष्य निधि, पेंशन संबंधी फायदे, छुट्टी, छुट्टी यात्रा रियायत, सामूहिक बीमा स्कीम और संबंधित विषयों के प्रयोजनों के लिए अपने मूल काडर के सेवा नियमों से शासित होगा ।

12. **निरर्हता**.- वह व्यक्ति

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

13. **शिथिल करने की शक्ति**.- जहां केंद्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

14. **व्यावृत्ति**.- इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़ा वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

15. सेवा समाप्ति.-

(1) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा किसी अस्थायी कर्मचारी की सेवा कारण नियत किए बगैर समाप्त की जा सकेगी।

(क) पहली नियुक्ति के अनुकरण में परिवीक्षा अवधि के दौरान और परिवीक्षा की ऐसी अवधि के पश्चात् और पुष्टि के पूर्व किसी भी समय पर लिखित में एक मास की सूचना द्वारा या यदि एक मास से कम सूचना है तो ऐसी अवधि के वेतन का संदाय करके या एक मास के वेतन का संदाय करके बिना किसी सूचना के,

(ख) संस्थान द्वारा कार्यान्वित किसी परियोजना में, जिसके अंतर्गत अनुसंधान परियोजनाएं भी हैं, कार्य करने के लिए नियुक्त अस्थायी कर्मचारी की दशा में सेवा समाप्ति की रीति और सूचना की अवधि वह होगी जो नियुक्ति आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए।

(2) उप नियम (1) के खंड (क) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, किसी अस्थायी कर्मचारी की सेवाएं –

(क) यदि उसकी नियुक्ति किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए की गई है तो ऐसी अवधि की समाप्ति पर समाप्त हो जाएगी ; या

(ख) यदि उसकी नियुक्ति किसी अस्थायी पद पर की गई है तो ऐसे पद की समाप्ति पर या ऐसी अवधि की समाप्ति पर जिसके लिए पद का सृजन किया जाता है, समाप्त हो जाएगी।

(3) किसी ऐसे कर्मचारी को जिसे उपनियम (1) के खंड (क) के अधीन सेवा समाप्ति की सूचना दी जाती है, नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार सूचना की अवधि के दौरान उतनी अर्जित छुट्टी दी जा सकेगी जो उसे अनुज्ञेय हो।

16. धारणाधिकार (लियन).- संस्थान का स्थायी कर्मचारी, साधारणतया उसके द्वारा सारत: धारण किए गए पद पर दो से अनधिक वर्ष का धारणाधिकार (लियन) धारण कर सकेगा :

परंतु अन्य संगठन में उसकी नियुक्ति उचित प्रणाली द्वारा की गई हो।

17. सेवा निवृत्ति.- कोई कर्मचारी, संस्थान से, --

(क) साठ वर्ष की आयु प्राप्त करने पर सेवा निवृत्त हो जाएगा; या

(ख) उसे संस्थान द्वारा इस निमित्त पदाभिहित चिकित्सा बोर्ड द्वारा सेवा के लिए चिकित्सक दृष्टया अयोग्य घोषित किए जाने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा।

18. स्वेच्छतया निवृत्ति.-

(1) संस्थान के कर्मचारी जिन्होंने कम से कम बीस वर्ष की अर्हक सेवा की है, नियुक्ति प्राधिकारी को तीन मास की लिखित सूचना देकर स्वेच्छया सेवा से निवृत्त हो सकेंगे :

परंतु योग्य दशाओं में नियुक्ति प्राधिकारी की सहमति से तीन मास से कम की अवधि की सूचना को स्वीकार किया जा सकेगा ।

(2) यदि कोई कर्मचारी अर्जनशोध्य छुट्टी पर रहते हुए पुन: पदग्रहण किए बगैर स्वेच्छया निवृत्ति के लिए आवेदन करता है तो सेवानिवृत्ति, अर्जनशोध्य छुट्टी के प्रारंभ की तारीख से प्रभावी होगी और ऐसी अर्जनशोध्य छुट्टी की बाबत संदत्त छुट्टी संबलम् को वसूल किया जाएगा ।

(3) किसी कर्मचारी को स्वेच्छया निवृत्त की सूचना देने के पूर्व, उसे प्रशासन के प्रति निर्देश द्वारा अपना इस बात का समाधान करना होगा कि उसने वस्तुत: बीस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर ली है ।

(4) स्वेच्छया निवृत्ति की सूचना तद्नुसार, केवल नियुक्ति प्राधिकारी के अनुमोदन से ही वापस ली जा सकेगी, परंतु ऐसी वापसी, सूचना की अवधि समाप्त होने के पूर्व की जानी चाहिए ।

(5) बीस वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने के पश्चात् दी गई स्वेच्छया निवृत्ति की सूचना के लिए नियुक्ति प्राधिकारी की स्वीकृति अपेक्षित होगी, यदि सूचना की समाप्ति सेवानिवृत्ति की उस तारीख से पहले की है जिसको संबंधित कर्मचारी उसे लागू विद्यमान नियमों के अधीन सेवा निवृत्त हो सकता था ।

(6) निम्नलिखित के सिवाय साधारणतया सभी मामलों में स्वीकृति दी जा सकेगी -

(क) जहां कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाहियां लंबित है या अनुध्यात की गई हैं और अनुशासनात्मक प्राधिकारी का, मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, यह मत है कि सेवा के हटाए जाने या पदच्युति की शास्ति, मामले में आवश्यक हो सकती है ; या

(ख) जहां संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध किसी न्यायालय में अभियोजन अनुध्यात है या प्रारंभ किया गया है ।

(7) स्वेच्छतया निवृत्ति की सूचना देने वाला कोई कर्मचारी, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उसकी स्वीकृति की उपधारणा कर सकेगा और सूचना के निबंधनों के अनुसार सेवानिवृत्ति प्रभावी हो जाएगी जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी सूचना की अवधि की समाप्ति के पूर्व कोई प्रतिकूल आदेश न जारी करे ।

(8) अन्य संगठनों में प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त संस्थान के कर्मचारी, ऐसी प्रतिनियुक्ति की अवधि के दौरान सेवानिवृत्ति हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे ।

(9) स्वेच्छया निवृत्ति की सूचना देने वाला कोई कर्मचारी, सूचना की अवधि समाप्त होने के पूर्व उसके नाम जमा छुट्टी के लिए आवेदन कर सकेगा जो सूचना की अवधि के साथ साथ उसे प्रदान की जा सकेगी ।

19. त्यागपत्र.-

(1) कोई अस्थायी कर्मचारी, नियुक्ति प्राधिकारी को संबोधित करते हुए लिखित में एक मास की सूचना देकर संस्थान की सेवा से त्याग पत्र दे सकेगा।

(2) कोई स्थायी कर्मचारी, नियुक्ति प्राधिकारी को संबोधित करते हुए लिखित में तीन मास की सूचना देकर संस्थान की सेवा से त्याग पत्र दे सकेगा ।

परंतु नियुक्त प्राधिकारी, इस नियम के अधीन कतिपय विशेष परिस्थितियों में त्याग पत्र देने हेतु लघु अवधि अनुज्ञात कर सकेगा ।

भाग 4
वेतन

20. प्रारंभिक वेतन.-

(1) कोई कर्मचारी, किसी पद पर अपनी नियुक्ति के पश्चात्, उस पद से संलग्न वेतन बैंड और ग्रेड वेतन में वेतन प्राप्त करेगा :

परंतु मंजूरी प्राधिकारी, उप नियम (2) के अधीन रहते हुए यह विनिश्चय कर सकेगा कि वह कर्मचारी वेतन बैंड में किसी उच्चतर स्तर का वेतन प्राप्त करेगा।

(2) ऐसे नए पदों पर जिसमें अत्यधिक महत्वपूर्ण या उससे अन्यथा कर्तव्यों या दायित्वों को ग्रहण करना या अदक्षता या कदाचार के कारण अथवा अनुरोध पर एक पद से दूसरे पद पर स्थानातंरण अंतर्वलित है, नियुक्त या प्रोन्नत कर्मचारियों के वेतन बैंड, ग्रेड वेतन या वेतनमान का नियतन समय-समय पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को लागू नियमों के सदृश्य विनियमित किए जाएंगे

21. वेतनवृद्धि.- जब तक कि इन नियमों के उपबंधों के अधीन प्रतिधारित न किया गया हो, वर्ष की 1 जुलाई को वेतन के वेतनबैंड में, वेतनबैंड में वेतन और लागू ग्रेड वेतन के योग के तीन प्रतिशत की दर पर, उसे 10 के आगामी गुणक पर पूर्णांक करते हुए वेतन वृद्धि दी जाएगी, परंतु यह कि कर्मचारी ने उस ग्रेड में सेवा के छह मास पूरे कर लिए हों।

22. वेतनवृद्धि के लिए सेवा.- किसी पद के वेतनबैंड में वेतनवृद्धि के लिए निम्नलिखित सेवा को गणना में लिया जाएगा, अर्थात्:-

(क) उसी या उच्चतर ग्रेड में उस पद पर या किसी अन्य पद पर कर्तव्यकाल, चाहे निरंतर हो अथवा नहीं,

(ख) अन्यत्र सेवा में समतुल्य या उच्चतर पद पर कर्तव्यकाल; और

(ग) असाधारण छुट्टी से भिन्न छुट्टी

परंतु मंजूरी प्राधिकारी, यह निदेश दे सकेगा कि वेतनवृद्धि के लिए असाधारण छुट्टी को भी गणना में लिया जाएगा, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि ऐसी छुट्टी रुग्णावस्था के कारण या किसी अन्य ऐसे कारण से की गई थी जो कर्मचारी के नियंत्रण के परे था।

23. छुट्टी के दौरान वेतन.-

(1) कोई कर्मचारी जो आकस्मिक छुट्टी या प्रतिकरात्मक छुट्टी या क्वाआरेन्टाईन छुट्टी पर है, कर्तव्यारुढ़ के रुप में वेतन प्राप्त करेगा।

(2) कोई कर्मचारी, जो अर्जित छुट्टी, परिवर्तित छुट्टी पर है, ऐसा वेतन प्राप्त करेगा जो उसे छुट्टी पर जाने के पूर्व मिल रहा था।

(3) कोई कर्मचारी जो अर्धवेतन छुट्टी पर है, छुट्टी पर जाने के पूर्व उसके द्वारा प्राप्त किए जा रहे वेतन के आधे की दर पर वेतन प्राप्त करेगा।

(4) कोई कर्मचारी जो अध्ययन छुट्टी पर है ऐसी दर पर वेतन प्राप्त करेगा जो भारत सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए।

(5) असाधारण छुट्टी पर किसी कर्मचारी को कोई वेतन अनुज्ञेय नहीं होगा।

(6) अर्जित छुट्टी पर गया कोई कर्मचारी ऐसे वेतन के समतुल्य छुट्टी वेतन प्राप्त करेगा जो उसे छुट्टी पर जाने के ठीक पहले मिल रहा था।

24. निलंबन के दौरान वेतन.- निलंबित किसी कर्मचारी को, निलंबन के दौरान ऐसा जीवन निर्वाह भत्ता संदत्त किया जाएगा जो भारत सरकार के किसी कर्मचारी को अनुज्ञेय हो ।

IndiaCode

25. विशेष वेतन, वैयक्तिक वेतन, मानदेय और फीस.- संस्थान किसी कर्मचारी के लिए विशेष परिस्थितियों में ऐसा विशेष वेतन, वैयक्तिक वेतन, मानदेय या फीस ऐसी शर्तों पर मंजूर कर सकेगा जो मंजूर करने वाले प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जाए।

26. वेतन आहरण.-

(1) कोई कर्मचारी उस पद के वेतन का हकदार होगा जिस पर उसे उस तारीख से, जिसको वह पद का कार्यभार ग्रहण करता है, नियुक्त किया जाता है।

(2) संस्थान के कर्मचारियों का वेतन और भत्ते, मार्च मास के सिवाय उस मास के अंतिम कार्यदिवस को संदेय होंगे जिससे वे संबंधित हैं, तथापि मार्च मास के वेतन और भत्ते, अप्रैल के प्रथम कार्यदिवस को संदेय होते रहेंगे।

(3) नियम 21 के अधीन अपेक्षित सूचना के बगैर संस्थान की सेवा से त्यागपत्र देने वाले कर्मचारी को, जब तक नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अन्यथा निर्देश न दिया जाए, ऐसा देय वेतन जो निकाला नहीं गया है, वेतन निकालने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

परंतु इस प्रकार निकालने के लिए अनुज्ञात न किया गया वेतन, एक मास के वेतन से अधिक नहीं होगा।

27. बोनस.—संस्थान के कर्मचारियों के लिए तदर्थ बोनस का संदाय उसी दर पर और उन्हीं सीमाओं के अधीन रहते हुए किया जाएगा जो समय-समय पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को लागू होता है।

भाग 5
भत्ते

28. भत्ते.—ऐसे सभी भत्ते, जो समय-समय पर केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को अनुज्ञेय हैं, संस्थान के कर्मचारियों को उन्हीं दरों पर और उन्हीं निबंधनों और शर्तों पर, जो केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को लागू हैं, अनुज्ञेय होंगे।

29. निलंबन और निर्वाह अनुदान.—निलंबन और निर्वाह अनुदान से संबंधित नियम जो केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों पर लागू होते हैं संस्थान के कर्मचारियों पर भी लागू होंगे।

30. यात्रा छूट रियायत.—संस्थान के कर्मचारी यात्रा छूट रियायत के लिए उन्हीं निबंधनों और शर्तों पर हकदार होंगे जो समय-समय पर समतुल्य ग्रेड के केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को अनुज्ञेय हैं।

31. भत्तों का आहरण.—

(1) किसी कर्मचारी को किसी मास के लिए अनुज्ञेय मंहगाई भत्ता, परिवहन भत्ता और मकान किराया भत्ता, कर्मचारी के वेतन के साथ संदेय होगा।

(2) संस्थान के कर्मचारियों के लिए यात्रा भत्तों, यात्रा छूट रियायतों और दैनिक भत्तों का निर्धारण संस्थान से लिए गए अभिदाय (एडवांस) यदि कोई हो, के समायोजन के उपबंधों के अधीन रहते हुए किया जाएगा।

(3) जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निर्देश न दे, तब तक, संस्थान से बिना सूचना के त्यागपत्र देने वाले कर्मचारी को, देय किन्तु आहरित नहीं किया गया भत्ता आहरित करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

परंतु आहरित करने के लिए अनुज्ञात नहीं किए गए भत्ते एक मास के भत्तों से अधिक नही होंगे।

32. प्रतिनियुक्ति और प्रशिक्षण भत्ता.—

(1) संस्थान में प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को, संस्थान का वेतनमान और अन्य सेवा फायदे प्राप्त करने या उनके स्वयं के वेतनमान प्रतिधारित करने और इस विषय पर भारत सरकार के विद्यमान अनुदेश के अनुसार प्रतिनियुक्ति भत्ता, प्रशिक्षण भत्ता पाने का विकल्प दिया जाएगा।

IndiaCode

(2) संस्थान के कार्यपालक निदेशक, केन्द्रीय सरकार के प्रशिक्षण संस्थानों के प्रमुख को अनुज्ञेय दर पर सत्कार भत्ता लेंगे ।

भाग-6
सुविधाएं

33. बाहरी चिकित्सा सुविधाएं.—

(1) संस्थान के कर्मचारी स्वयं और कुटुम्ब के घोषित सदस्यों हेतु चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के पात्र होंगे ।

स्पष्टीकरण :

इस उपनियम के प्रयोजनों के लिए "कुटुम्ब" पद का वही अर्थ होगा जो केन्द्रीय सेवा (चिकित्सा परिचर्या) नियम, 1944 में उसका है ।

(2) वर्ष के दौरान बाहरी चिकित्सीय व्यय, वास्तविक व्यय या उस वर्ष की 1 जनवरी या एक मास का वेतन (मूल वेतन+मंहगाई भत्ता) इनमें से जो कम भी हो, तक सीमित होगा ।

(3) दवा, डाक्टर की परामर्श पर्ची और डाक्टर द्वारा उपचार के और क्रय की गई औषधियों के मूल कैश मैमो या बिल के साथ समर्थित होना चाहिए ।

(4) वर्ष के दौरान पद ग्रहण करने वाले संस्थान के कर्मचारियों की, वार्षिक हकदारी अनुपातत: के आधार पर निबंधित होगी ।

(5) बाहरी चिकित्सा उपचार, संस्थान बनाए रखे गए पैनल से प्राधिकृत चिकित्सीय परिचारकों से करवाया जाएगा ।

अंतरंग रोगी चिकित्सा उपचार :

(1) अंतरंग रोगी चिकित्सा उपचार के प्रयोजन के लिए, संस्थान के कर्मचारी, संस्थान द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत चिकित्सालयों में चिकित्सा उपचार के हकदार होंगे, और इस प्रयोजन के लिए चिकित्सा व्यय जिसके अंतर्गत चिकित्सालय वास सुविधा, परिचर्या गृह सुविधा आदि भी है ऐसे केन्द्रीय सेवा (चिकित्सीय परिचर्या) नियम, 1944 के उपबंधो के अनुसार होगा जो केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को लागू होते हैं ।

(2) उपरोक्त उपनियम (1) के प्रयोजन के लिए प्राधिकृत चिकित्सालय वही होंगे जो केन्द्रीय सेवा (चिकित्सीय परिचर्या) नियम, 1944 द्वारा विनियमित केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को उपलब्ध हैं ।

(3) प्राधिकृत चिकित्सालय में चिकित्सा उपचार आपात स्थिति के सिवाय, प्राधिकृत चिकित्सा परिचारकों की सलाह पर किया जा सकेगा ।

34. अधिदाय (एडवांस).—त्यौहार-अग्रिम, मोटर कार-अग्रिम, व्यक्तिगत कंप्यूटर-अग्रिम, गृह निर्माण अग्रिम, पंखा अग्रिम आदि जैसे अभिदायों से संबंधित भारत सरकार के नियम संस्थान के कर्मचारियों को उन्हीं दरों पर और उन्हीं सीमाओं के अधीन रहते हुए लागू होंगे जो समय-समय पर केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को लागू होते हैं ।

35. सामूहिक बीमा.—(1) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारियों से भिन्न संस्थान के कर्मचारी केन्द्रीय सरकार की परामर्श से सामूहिक बीमा के हकदार होंगे ।

(2) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त संस्थान के कर्मचारी, ऐसी सामूहिक बीमा स्कीमों द्वारा शासित होते रहेंगे जो उनके मूल मंत्रालय या विभाग या संगठन में लागू होती हैं ।

(3) संस्थान, उपनियम (2) में निर्दिष्ट कर्मचारियों से बीमा स्कीमों मद्दे, प्रतिदाय वसूल करेगा और उस रकम को तुरंत उधारदाता मंत्रालय या विभाग या संगठन को भेजेगा और उसके विलंब से भेजने के कारण हुई हानि संस्थान द्वारा पूरी की जाएगी ।

36 सवारी भत्ता.—संस्थान के कर्मचारियों को सरकारी कार्य के लिए सरकारी वाहन का उपयोग करने या ऐसी रकम की प्रतिपूर्ती का विकल्प अनुज्ञात किया जाएगा जो समतुल्य वेतन और ग्रेड में केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों को अनुज्ञेय है ।

37. टेलीफोन सुविधा.—संस्थान के कर्मचारी ऐसी टेलीफोन सुविधाओं के पात्र होंगे जो केन्द्रीय सरकार के समतुल्य वेतन पाने वाले अधिकारियों को अनुज्ञेय है ।

38. सरकारी बैठकों के लिए व्यय.—संस्थान के कर्मचारी सरकारी बैठकों के लिए ऐसे व्यय के पात्र होगें जो समतुल्य वेतन पाने वाले केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों को अनुज्ञेय है ।

भाग 7

छुट्टी

39. छुट्टी नियम.—केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को यथा लागू, केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम,1972 संस्थान के कर्मचारियों को भी लागू होंगे ।

40. छुटटी मंजूर करने की प्रक्रिया.—

(1) कोई कर्मचारी छुट्टी पर जाने से पूर्व, संस्थान द्वारा विनिर्दिष्ट प्रारुप में आवेदन करेगा, तथा उसमें छुट्टी के दौरान का अपना पता और टेलीफोन नंबर भी लिखेगा और संस्थान को उस पते में हुए किसी पश्चात्वर्ती परिवर्तन की सूचना देगा ।

(2) कार्यपालक निदेशक अध्ययन अवकाश से भिन्न छुट्टी के सभी आवेदनों के निपटान के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा ।

(3) कार्यपालक निदेशक की दशा में केन्द्रीय सरकार छुट्टी मंजूर करने के लिए, जिसके अंतर्गत अध्ययन अवकाश भी है, सक्षम प्राधिकारी होगी ।

(4) संस्थान, प्रत्येक कर्मचारी के लिये एक छुट्टी खाता रखेगा ।

भाग 8

पेंशन और अन्य फायदे

41. (1) पेंशन : संस्थान के सभी कर्मचारियों को नई पेंशन स्कीम, 2004 के उपबन्ध और भारत सरकार द्वारा उसके अधीन जारी किए गए आदेश और निदेश लागू होंगे ।

(2) कैरियर समुन्नति : कैरियर समुन्नति के ऐसे उपबन्ध, जो विश्वविधालय अनुदान आयोग के शैक्षणिक कर्मचारीवृद को लागू होते हैं संस्थान के शैक्षणिक कर्मचारीवृद को लागू होंगे ।

(3) उपान्तरित आश्वस्त कैरियर प्रगति : उपान्तरित आश्वस्त कैरियर प्रगति स्कीम के उपबन्ध जो केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को लागू होते हैं, संस्थान के गैर शैक्षणिक कर्मचारीवृंद को लागू होंगे ।

भाग 9

आचरण, अनुशासन और शास्तियां

42. आचरण.—

(1) केन्द्रीय सिविल सेवा (आचार) नियम,1964, संस्थान के कर्मचारियों को भी लागू होंगे ।

(2) केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण,नियंत्रण और अपील) नियम 1965 संस्थान के कर्मचारियों को भी लागू होंगे ।

IndiaCode

(3) जहां विनिर्दिष्ट रूप से उपबन्धित है उसके सिवाय, संस्थान का शासी निकाय, अपने कर्मचारियों की बाबत उन्हीं शक्तियों का प्रयोग करेगा जो केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिये भारत संघ के राष्ट्रपति द्वारा प्रयोक्तव्य हैं ।

(4) नियुक्ति प्राधिकारी, अनुशासन प्राधिकारी होगा और अपील प्राधिकारी की शक्तियों का प्रयोग अगले वरिष्ठ अधिकारी द्वारा किया जाएगा ।

(5) संस्थान द्वारा उधार में लिए गए केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के सेवक कर्मचारियों की बाबत केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम,1965 का क्रमश: नियम 20 और नियम 21 लागू होंगे ।

43. निलम्बन.-

(1) नियुक्ति प्राधिकारी या उस प्राधिकारी से वरिष्ठ कोई अन्य प्राधिकारी, किसी कर्मचारी को निलम्बित कर सकेगा—

(क) यदि किसी ऐसे गम्भीर आरोप की बाबत, जिसके परिणाम, स्वरूप मुख्य शास्ति अधिरोपित की जाने की सम्भावना है, उसके विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही अनुध्यात की जाती है या लम्बित है, या

(ख) यदि किसी दांडिक अपराध की बाबत उसके विरूद्ध कोई मामला अवेषणाधीन या विचारणाधीन है ।

(2) ऐसे किसी कर्मचारी को जो किसी दांडिक आरोप के आधार पर या उससे अन्यथा अड़तालीस घंटे से अधिक अवधि के लिए अभिरक्षा में निरूद्ध है नियुक्ति प्राधिकारी के आदेश द्वारा उसकी अभिरक्षा की तारीख से निलम्बित समझा जाएगा और अग्रिम आदेशों तक निलम्बित रहेगा ।

(3) इस नियम के अधीन दिया गया या दिया गया समझा गया निलम्बन का कोई आदेश, ऐसे प्राधिकारी द्वारा, जिसने उसे दिया है या जिसके द्वारा दिया गया समझा गया है अथवा किसी वरिष्ठ प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय वापस लिया जा सकेगा ।

44. शास्तियां अधिरोपित करने की शक्ति.- नीचे की सारणी के स्तंम (3) में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी, उक्त सारणी के स्तंम (4) में विनिर्दिष्ट शास्तियां अधिरोपित करने के लिए सक्षम होगा, अर्थात् :

सारणी

क्र0 सं0	कर्मचारीवृंद का प्रवर्ग	शास्तियां अधिरोपित करने वाले प्राधिकारी	शस्तियों के ब्यौरे
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	समूह ख और समूह ग में से सभी अधिकारी और कर्मचारीवृंद	कार्यपालक निदेशक	मुख्य शास्तियां
2.	समूह ख और समूह ग में से सभी अधिकारी और कर्मचारीवृंद	संयुक्त निदेशक	मुख्य शास्तियां
3.	समूह क	केन्द्रीय सरकार	सभी शास्तियां

45. उधार में लिए गए कर्मचारियों के सम्बन्ध में विशेष उपबन्ध.-

(1) जहां उधार में लिए गए किसी कर्मचारी के विरूद्ध निलम्बन का कोई आदेश दिया जाता है या कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है वहां तुरन्त उधार देने वाले प्राधिकारी को यथास्थिति निलम्बन आदेश या अनुशासनात्मक कार्यवाहियां प्रारम्भ करने सम्बन्धी आदेश की परिस्थितियों के बारे में सूचित किया जाएगा ।

(2) ऐसे कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निष्कर्षों को ध्यान मे रखते हुए-

(क) यदि शास्ति अधिरोपित करने वाले प्राधिकारी की यह राय है कि उस पर कोई मुख्य शास्ति अधिरोपित की जानी चाहिए तो वह उसकी सेवाएं उधार देने वाले प्राधिकारी के अधिकार में दे देगा और ऐसी कार्रवाई के लिए जो वह ठीक समझे, जांच की कार्यवाहियां उसे पारेषित करेगा ; और

(ख) यदि शास्ति अधिरोपित करने वाले प्राधिकारी की यह राय है कि उस पर कोई अन्य शास्ति अधिरोपित की जानी चाहिए तो वह उधार देने वाले प्राधिकारी से परामर्श करने के पश्चात् मामले में ऐसे आदेश पारित कर सकेगा जो वह आवश्यक समझे :

परन्तु उधार देने वाले प्राधिकारी और शास्ति अधिरोपित करने वाले प्राधिकारी की भिन्न-भिन्न राय होने की दशा में कर्मचारी की सेवा उधार देने वाले प्राधिकारी के निर्णयानुसार की जाएगी ।

स्पष्टीकरण : इन नियमों के प्रयोजनों के लिए "उधार देने वाले प्राधिकारी" से ऐसा प्राधिकारी अभिप्रेत है जिसने उधार दिए गए कर्मचारी की सेवाएं संस्थान के अधिकार में नियत की हैं ।

भाग 10
अपील और पुनर्विलोकन

46. अपील प्राधिकारी.- केन्द्रीय सरकार के इन नियमों के अधीन कार्यपालक निदेश द्वारा किए गए किसी मूल आदेश की अपील केन्द्रीय सरकार को और कार्यपालक निदेशक की पंक्ति से निम्नतर पंक्ति के किसी प्राधिकारी द्वारा किए गए आदेश की अपील कार्यपालक निदेशक को की जाएगी ।

47. अपील के लिए परिसीमा काल.- कोई अपील उस तारीख से पैंतालीस दिन की अवधि के भीतर ही प्रस्तुत की जाएगी जिसको वह आदेश जिसके विरुद्ध अपील की जाती है, सम्बंधित व्यक्ति को संसूचित किया जाता है :

परन्तु अपील प्राधिकारी, उक्त अवधि की समाप्ति पर अपील ग्रहण कर सकेगा यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी के पास समय के भीतर अपील प्रस्तुत न करने का पर्याप्त कारण था ।

48. अपीलों का प्रारूप, उसकी अन्तर्वस्तुएं और उसका प्रस्तुत किया जाना.-

(1) अपील प्रस्तुत करने वाला प्रत्येक व्यक्ति पृथक रूप से और अपने स्वयं के नाम से अपील करेगा ।
(2) अपील, अपील प्राधिकारी को सम्बोधित की जाएगी, जिसमें ऐसे सभी तात्विक कथन और दलीले अंतर्विष्ट होंगी जिसका अपीलार्थी ने अवलम्ब लिया है, उसमें कोई अनादर सूचक या अनुचित भाषा अंतर्विष्ट नहीं होगी और यह अपने आप में पूर्ण होगी ।
(3) प्रत्येक अपील कार्यपालक निदेशक को प्रस्तुत की जाएगी, यदि वह अपील प्राधिकारी नहीं है तो वह उसे अपील प्राधिकारी को प्रेषित करेगा ।

49. अपील पर विचार करना.- अपील प्राधिकारी, प्रत्येक अपील पर विचार करेगा और ऐसे आदेश पारित करेगा जो वह मामले की परिस्थितियों में उचित समझे :

परंतु वर्धित शास्ति अधिरोपित करने का कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जाएगा जब तक अपीलार्थी कोई ऐसा अभ्यवेदन करने का जो वह ऐसी वर्धित शास्ति के विरूद्ध करना चाहे, अवसर नहीं दे दिया जाता है ।

50. पुनर्विलोकन.- पुनर्विलोकन के प्रयोजनों के लिए, केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम,1965 संस्थान के कर्मचारियों को भी लागू होंगे ।

51. पुन:बहाली के आदेश.- जहां किसी ऐसे कर्मचारी की जिसे पदच्युत या निलम्बित किया किया गया है, पुन:बहाली की जाती है, वहां पुन:बहाली करने वाला प्राधिकारी यह विनिर्दिष्ट करते हुए आदेश करेगा कि-

(क) क्या कर्मचारी को अनुज्ञेय वेतन और भत्तों के अतिरिक्त कर्तव्य काल से उसकी अनुपस्थिति की अवधि का कोई वेतन और भत्ते दिए जा सकेंगे या नहीं ;

(ख) क्या ऐसी अवधि को सभी या किन्ही प्रयोजनों के लिए कर्तव्यारूढ़ अवधि के रूप मे माना जा सकेगा या नहीं ।

भाग 11
विविध

52. कर्मचारियों के लिए निवास स्थान.-

(1) संस्थान के कर्मचारियों को, अपने स्वयं के परिसर में ऐसे भवनों का निर्माण पूरा होने के पश्चात् असुसज्जित निवास स्थान उपलब्ध करवाया जा सकेगा।

(2) संस्थान के कर्मचारियों को संस्थान द्वारा, ऐसी समयावधि तक, अब तक उनके स्वयं के परिसर विकसित नहीं हो जाते हैं और भवनों का निर्माण नहीं हो जाता है, पट्टे पर असुसज्जित निवास स्थान उपलब्ध करवाया जा सकेगा :

परन्तु इस नियम के अन्तर्गत ऐसे निवास स्थान की अनुज्ञप्ति फीस, समय-समय पर यथा संशोधित मूल नियम 45ए के उपबन्धों के अनुसार प्रभारित की जाएगी।

(3) संस्थान के कर्मचारी, जिसके अन्तर्गत प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारी भी हैं ऐसे मकान किराए भत्ते के हकदार होंगे जो समान वेतन पाने वाले केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को अनुज्ञेय है।

53. अवकाश के दिन.- संस्थान में ऐसे अवकाश होंगे जो दिल्ली स्थित कार्यालयों के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा अवधारित किए जाएं।

54. सेवा पुस्तिका और चरित्र पुस्तक.-

(1) संस्थान, ऐसे प्ररूप में और ऐसी विशिष्टियां उपवर्णित करते हुए जो शासी निकाय द्धारा विनिर्दिष्ट की जाए, प्रत्येक कर्मचारी की सेवा पुस्तिका और चरित्र पुस्तक रखेगा।

(2) किसी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में प्रविष्टियां, संस्थान के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा की जाएंगी।

(3) किसी कर्मचारी की चरित्र पुस्तक में प्रविष्टियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अधिकथित प्रकिया के अनुसार की जाएंगी।

55. कार्यपालक निदेशक द्वारा **शक्ति का प्रत्यायोजन**.- कार्यपालक निदेशक शासी निकाय के अधीन रहते हुए, इन नियमो के अधीन उसमें निहित किन्हीं शक्तियों को संस्थान के किसी अन्य अधिकारी को प्रत्यायोजन कर सकेगा।

56. सेवा की अवशिष्ट शर्तें.- किसी कर्मचारी की सेवा की शर्तों से सम्बंधित कोई ऐसा मामला, जिसके लिए इन नियमों में कोई उपबन्ध नहीं किया गया है, संस्थान द्वारा अवधारित किया जाएगा।

57. निर्वचन.- यदि इन नियमो के निर्वचन से सम्बंधित कोई प्रश्न उदभूत होता है तो उसका विनिश्चय केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन या वेतनमान	चयन पद अथवा अचयन पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1. कार्यपालक निदेशक	1(एक)	समूह 'क'	वेतन बैंड 4, (37400--67000 रुपए) धन 10000 ग्रेड वेतन	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं
(6)	(7)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं ।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता
(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)

प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या अल्पकालिक संविदा या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां, जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा
(11)
<u>प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)</u> :-- केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या कानूनी या स्वशासी निकायों या विश्वविद्यालयों या केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी-- (क) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है ; और (ख) जो, अखिल भारतीय सेवाओं के अभ्यर्थियों के मामलों के सिवाय, निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हों :-- **आवश्यक :** (i) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या कानूनी या स्वशासी निकायों या विश्वविद्यालयों या केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित संगठनों में अठारह वर्ष का प्रशासनिक और शैक्षणिक अनुभव, जिसमें से प्रशासनिक/कानूनी या प्रबंधकीय पद धारण करने का न्यूनतम पांच वर्ष का अनुभव हो । (ii) किसी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री । (iii) आपदा प्रबंधन से संबंधित क्षेत्रों में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव और जानकारी । **वांछनीय :** आपदा प्रबंधन से संबंधित किसी विषय में पी.एच.डी. या एम.फिल. । **<u>टिप्पण</u> 1 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया पांच वर्ष की होगी, जो सात वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी । तथापि, प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, सात वर्ष से अधिक नहीं होगी । **<u>टिप्पण</u> 2** : प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई को 56 वर्ष होगी ।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
(12)	(13)
<u>समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (नियुक्ति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी</u> :-- 1. संघ का गृह सचिव -- अध्यक्ष 2. सचिव (सीमा प्रबंधन) या आपदा प्रबंधन का प्रभारी विशेष सचिव या अपर सचिव, गृह मंत्रालय -- सदस्य 3. सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण -- सदस्य 4. अपर सचिव और स्थापना अधिकारी, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग -- सदस्य	लागू नहीं होता ।

IndiaCode

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2. संयुक्त निदेशक	**1* (एक)** ***(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है)** ।	समूह 'क'	वेतन बैंड 4 (37400-67000/- रुपए) धन 8700/- ग्रेड वेतन	लागू नहीं होता

(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)

(11)

<u>प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)</u> :-- केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या कानूनी या स्वशासी निकायों या विश्वविद्यालयों या केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारी--

(क) (i) जिन्होंने मूल काडर में वेतन बैंड 4 (37400-67000/- रुपए धन 8700/- ग्रेड वेतन) में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है ; या

(ii) जिनकी 7600/- रुपए ग्रेड वेतन के साथ वेतन बैंड 3 में पांच वर्ष की नियमित सेवा है ; या

(iii) जिनकी 6600/- रुपए ग्रेड वेतन के साथ वेतन बैंड 3 में दस वर्ष की नियमित सेवा है ; और

(ख) जो, अखिल भारतीय सेवाओं के अभ्यर्थियों के मामलों के सिवाय, निम्नलिखित आवश्यक शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हों :--

आवश्यक :

(i) किसी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री ।

और

(ii) वेतन बैंड 3 में 7600/- रुपए ग्रेड वेतन में पांच वर्ष अनुभव या किसी सदृश पद में पांच वर्ष का प्रशासनिक अनुभव या वेतन बैंड 3 (15600-39100/- रुपए) में 6600/- ग्रेड वेतन में न्यूनतम दस वर्ष का प्रशासनिक अनुभव ।

वांछनीय :

आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण/प्रशासन के क्षेत्र में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव ।

<u>टिप्पण</u> 1 : प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया तीन वर्ष की होगी, जो पांच वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी । तथापि, प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

<u>टिप्पण</u> 2 : प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष होगी ।

<u>टिप्पण</u> 3 : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई होगी ।

(12)		(13)
<u>समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (नियुक्ति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी</u> :--		लागू नहीं होता ।
1. सचिव (सीमा प्रबंधन) या आपदा प्रबंधन का प्रभारी विशेष सचिव या अपर सचिव, गृह मंत्रालय	-- अध्यक्ष	
2. सचिव/विशेष सचिव/अपर सचिव/संयुक्त सचिव (प्रशासन), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण	-- सदस्य	
3. मंत्रालय का, आपदा प्रबंधन का भार साधक, संयुक्त सचिव (आपदा प्रबंधन)	-- सदस्य	
4. कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान	-- सदस्य	

(1)	(2)	(3)	(4)
3. आचार्य	**3* (तीन)** *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है)।	समूह 'क'	वेतन बैंड 4 37400-67000/- रुपए ग्रेड वेतन 10000/-

(5)	(6)
लागू नहीं होता	55 वर्ष से अनधिक। **टिप्पण** : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई होगी।

(7)
आवश्यक अर्हता : (i) सामाजिक विज्ञान/पर्यावरण/पृथ्वी विज्ञान/इंजीनियरी/आपदा प्रबंधन या सहबद्ध विषयों में कम से कम 55% अंकों या समतुल्य श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। (ii) निरंतर उत्तम शैक्षणिक रिकार्ड के साथ पी.एच.डी. ; और (iii) पुस्तकों और या अनुसंधान या नीति विषयक कागजपत्रों का अनुक्रमणिकाबद्ध या अन्तरराष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्यांक/अन्तरराष्ट्रीय मानक क्रम संख्यांक संख्यांकित जर्नलों के रूप में और अन्तरराष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्यांक/अन्तरराष्ट्रीय मानक क्रम संख्यांक संख्यांकित पुस्तकों के रूप में न्यूनतम 10 प्रकाशनों के साथ साक्ष्य सहित प्रकाशित कृतियों अनुसंधान और प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से कार्यरत उच्च स्तर की प्रकाशित कृति ; (iv) विश्वविद्यालय या राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में स्नातकोत्तर अध्यापन में कम से कम दस वर्ष का अनुभव ; (v) प्रशिक्षण और शिक्षा, नवीन पाठ्यचर्या तथा पाठ्यक्रम की परिकल्पना, प्रशिक्षण मापदंडों और प्रौद्योगिकी के विकास करने के नवप्रवर्तन के लिए योगदान। **वांछनीय अर्हता :** (i) डाक्टरेट स्तर पर अनुसंधान के लिए अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करने का अनुभव ; (ii) सुसंगत क्षेत्र में प्रमाणित ख्याति सहित ऐसा उत्कृष्ठ वृत्तिक, जिसने प्रत्यायकों द्वारा प्रमाणित संबंधित या सम्बद्ध अथवा सुसंगत विद्याशाखा के ज्ञान क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।

(8)	(9)	(10)
हां	सीधी भर्ती के लिए एक वर्ष	50% सीधी भर्ती द्वारा और 50% प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है), जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा

(11)
प्रोन्नति द्वारा : जिसने श्रेणी में नियमित आधार पर आठ वर्ष की सेवा की है और जो पद के लिए स्तंभ (7) में दी गई आवश्यक अर्हताएं पूरी करता है। **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा** :-- केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या कानूनी या स्वशासी निकायों या विश्वविद्यालयों या केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारियों या कर्मचारियों में से, जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या सहयोगी आचार्य, जिसने श्रेणी में नियमित आधार पर आठ वर्ष की सेवा की है और जो पद के लिए स्तंभ (7) में दी गई आवश्यक अर्हताएं पूरी करता है। **टिप्पण 1 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया तीन वर्ष की होगी, जो पांच वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी। तथापि, प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर

बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 2 :** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा, विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई को 56 वर्ष होगी । **टिप्पण 3 :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई होगी ।

(12)		(13)
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि और प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :--		लागू नहीं होता ।
1. संघ का गृह सचिव या सचिव (सीमा प्रबंधन)	-- अध्यक्ष	
2. सचिव/विशेष सचिव/अपर सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण	-- सदस्य	
3. संयुक्त सचिव (आपदा प्रबंधन), गृह मंत्रालय	-- सदस्य	
4. संघीय गृह मंत्री द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाले, आपदा प्रबंधन के क्षेत्र के तीन विख्यात बाहरी विशेषज्ञ	-- सदस्य	
5. कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान	-- सदस्य	

(1)	(2)	(3)	(4)
4. सह आचार्य	**4* (चार)** *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।)	समूह 'क'	वेतन बैंड 3 15600-39100/- रुपए धन 7600/- ग्रेड वेतन

IndiaCode

(5)	(6)
लागू नहीं होता	उस वर्ष की, जिसको विज्ञापन जारी किया जाता है, 1 जुलाई को 50 वर्ष । **टिप्पण :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई होगी ।

(7)
(i) आवश्यक अर्हता : (i) सामाजिक विज्ञान/पर्यावरण/पृथ्वी विज्ञान/ इंजीनियरी/आपदा प्रबंधन या सहबद्ध विषयों में कम से कम 55% अंकों या समतुल्य श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री । (ii) संबंधित या संबद्ध विद्याशाखाओं में पी.एच.डी. डिग्री के साथ उत्तम शैक्षणिक रिकार्ड । **(ii) आवश्यक अनुभव :-** (क) विश्वविद्यालयों/स्नातकोत्तर महाविद्यालयों का संकाय सदस्य (फैकल्टी), जो मूल काडर में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए है ; या (ख) सहायक आचार्य के समतुल्य नियमित प्रास्थिति में अध्यापन का या अनुसंधान का कम से कम दस वर्षों का अनुभव ; और (ग) पुस्तकों या अनुसंधान या नीति विषयक कागजपत्रों का अनुक्रमणिकाबद्ध या अन्तरराष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्यांक या अन्तरराष्ट्रीय मानक क्रम संख्यांक संख्यांकित जर्नलों के रूप में और अन्तरराष्ट्रीय मानक पुस्तक संख्यांक या अन्तरराष्ट्रीय मानक क्रम संख्यांक संख्यांकित पुस्तकों के रूप में न्यूनतम पांच प्रकाशनों के साथ साक्ष्य सहित प्रकाशित कृतियों ; **(ii) वांछनीय अनुभव :-** शैक्षणिक, नवीन पाठ्यचर्या तथा पाठ्यक्रम की परिकल्पना और प्रशिक्षण मापदंड विकसित करने तथा प्रौद्योगिकी परोक्ष अध्यापन शिक्षण प्रक्रिया के नवप्रवर्तन में योगदान ।

(8)	(9)	(10)
हां	सीधी भर्ती के लिए एक वर्ष	50% सीधी भर्ती द्वारा और 50% प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है), जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा

(11)
प्रोन्नति द्वारा : ऐसे सहायक आचार्यों में से प्रोन्नति द्वारा, जिसने श्रेणी में नियमित आधार पर दस वर्ष (या समतुल्य) की सेवा की है या अनुसंधान सहयोगी के स्तर पर सोलह वर्ष (या समतुल्य) की सेवा की है, और जिसका अच्छा शैक्षिक रिकार्ड है तथा जो पद के लिए स्तंभ (7) में दी गई आवश्यक अर्हताएं पूरी करता है । **प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा** :-- केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या कानूनी या स्वशासी निकायों या विश्वविद्यालयों या केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारियों/संकाय सदस्यों में से, जो मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या ऐसा सहायक आचार्य, जिसने श्रेणी में नियमित आधार पर दस वर्ष की सेवा की है और जिनके पास पद के लिए स्तंभ (7) में विनिर्दिष्ट अर्हताएं हैं । **टिप्पण 1** : प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया तीन वर्ष की होगी, जो पांच वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी । तथापि, प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी । **टिप्पण 2 :** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा, विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई को 56 वर्ष होगी ।

(12)	(13)
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (नियुक्ति और प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सचिव (सीमा प्रबंधन)/आपदा प्रबंधन प्रभाग का प्रभारी विशेष सचिव/अपर सचिव, गृह मंत्रालय -- अध्यक्ष 2. संयुक्त सचिव (आपदा प्रबंधन), गृह मंत्रालय -- सदस्य 3. कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान -- सदस्य 4. सलाहकार/संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाला) -- सदस्य 5. गृह मंत्री द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाला, आपदा प्रबंधन के क्षेत्र का एक विख्यात बाहरी विशेषज्ञ -- सदस्य	लागू नहीं होता ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
5. परामर्शी	**2* (दो)** ***(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।)**	समूह 'क'	वेतन बैंड 3 15600-39100/- रुपए धन 7600/- ग्रेड वेतन	हां

(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	हां	लागू नहीं होता	प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)

IndiaCode

(11)
प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) :-- केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या कानूनी या स्वशासी निकायों या विश्वविद्यालयों या केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित संगठनों के अधीन ऐसे अधिकारियों या कर्मचारियों में से, जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं। या वेतन बैंड 3 (15600-39100/- रुपए), 6600/- ग्रेड वेतन में पांच वर्ष की सेवा वाले केंद्रीय/राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्रों या कानूनी या स्वशासी निकायों या विश्वविद्यालयों या केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित संगठनों के अधीन अधिकारी या वेतन बैंड 3 (15600-39100/- रुपए), 5400/- ग्रेड वेतन में दस वर्ष की सेवा वाले केंद्रीय/राज्य सरकार के अधिकारी और जो निम्नलिखित अर्हताएं रखते हों :-- **(i) आवश्यक** :- किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री। **(ii) वांछनीय** :- पी.एच.डी; या एम.फिल. या किसी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय संस्थान या संगठन में सुसंगत क्षेत्र में एक वर्ष का प्रशिक्षण। **टिप्पण 1 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया तीन वर्ष की होगी, जो पांच वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी। तथापि, प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी। **टिप्पण 2 :** अल्पकालिक संविदा की अवधि साधारणतया तीन वर्ष की होगी, जो पांच वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी। **टिप्पण 3 :** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई को 56 वर्ष होगी।

(12)	(13)
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (नियुक्ति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी :-- 1. सचिव (सीमा प्रबंधन) या आपदा प्रबंधन प्रभाग का भारसाधक विशेष सचिव या अपर सचिव -- अध्यक्ष 2. संयुक्त सचिव (आपदा प्रबंधन), गृह मंत्रालय -- सदस्य 3. कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान -- सदस्य 4. सलाहकार/संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा नाम निर्देशित किया जाएगा) -- सदस्य 5. गृह मंत्री द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाला, आपदा प्रबंधन के क्षेत्र का एक विख्यात बाहरी विशेषज्ञ -- सदस्य	लागू नहीं होता।

(1)	(2)	(3)	(4)
6. सहायक आचार्य	**8* (आठ)** *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।)	समूह 'क'	वेतन बैंड 3 15600-39100/- रुपए धन 5400/- ग्रेड वेतन

(5)	(6)
लागू नहीं होता	1. उस वर्ष की, जिसको विज्ञापन जारी किया जाता है, 1 जुलाई को 35 वर्ष। 2. केंद्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए पांच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई होगी।

IndiaCode

(7)
अर्हता : **आवश्यक** सामाजिक विज्ञान/पर्यावरण/पृथ्वी विज्ञान/इंजीनियरी/आपदा प्रबंधन या सहबद्ध विषयों में कम से कम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री या निरंतर उत्तम शैक्षणिक रिकार्ड के साथ स्नातकोत्तर डिग्री के समतुल्य डिग्री । **वांछनीय** (क) संबंधित या संबद्ध विद्याशाखाओं में एम.फिल. या पी.एच.डी. डिग्री । (ख) नवप्रवर्तन शैक्षणिक, नवीन पाठ्यचर्या तथा पाठ्यक्रम की परिकल्पना, प्रशिक्षण मापदंड विकसित करने तथा प्रौद्योगिकी परोक्ष अध्यापन शिक्षण प्रक्रिया में योगदान ।

(8)	(9)	(10)
हां	सीधी भर्ती के लिए एक वर्ष	50% प्रोन्नति द्वारा और 50% सीधी भर्ती या प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)

(11)
<u>प्रोन्नति द्वारा</u> : ऐसे अनुसंधान सहयोगियों में से प्रोन्नति द्वारा, जिनके पास संस्थान में नियमित आधार पर आठ वर्ष का अनुभव है और जो स्तंभ (7) में विनिर्दिष्ट आवश्यक अर्हताएं पूरी करते हैं । परंतु जिनके पास पी.एच.डी. है, उनके मामले में न्यूनतम सेवा अवधि छह वर्ष होगी । **<u>प्रतिनियुक्ति द्वारा</u>** :-- केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्रों या कानूनी या स्वशासी निकायों या विश्वविद्यालयों या केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित विश्वविद्यालयों या संस्थाओं के ऐसे अधिकारियों या कर्मचारियों में से, जो मूल काडर में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं और जिनके पास स्तंभ (7) में विनिर्दिष्ट अर्हताएं हैं । **<u>टिप्पण</u> 1 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया तीन वर्ष की होगी, जो पांच वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी । तथापि, प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी । **<u>टिप्पण</u> 2 :** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई को 56 वर्ष होगी ।

(12)		(13)
<u>समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (नियुक्ति और प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) निम्नलिखित से मिलकर बनेगी</u> :--		लागू नहीं होता ।
1. कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान	-- अध्यक्ष	
2. आपदा प्रबंधन से संबंधित आपदा प्रबंधन प्रभाग, गृह मंत्रालय का निदेशक/उप सचिव	-- सदस्य	
3. निदेशक/संयुक्त सलाहकार/उप सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाला)	-- सदस्य	
4. गृह सचिव द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाला संबद्ध विषय/क्षेत्र का एक विख्यात विशेषज्ञ सदस्य	-- सदस्य	

IndiaCode

(1)	(2)			(3)	(4)
7. लेखा अधिकारी	**1* (एक) 2013** *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।)			समूह 'क'	वेतन बैंड 3 15600-39100/- रुपए धन 5400/- ग्रेड वेतन
(5)	**(6)**	**(7)**	**(8)**	**(9)**	**(10)**
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	दो वर्ष	प्रोन्नति, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा, (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) ।

(11)
<u>प्रोन्नति</u> : राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के ऐसे सहायक, जिन्होंने स्नातक की डिग्री के साथ 9300-34800 रुपए के वेतन बैंड 2 धन 4200/- ग्रेड वेतन में कम से कम आठ वर्ष सेवा की हो और जिनके पास बजट और लेखा विषयों में काम करने का कम से कम छह वर्ष का अनुभव हों । **<u>प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)</u>** :-- (क) केंद्रीय सरकार या राज्य सरकारों या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन के ऐसे अधिकारी-- (i) जिन्होंने नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हुआ है ; या (ii) जिन्होंने 9300-34800/- रु0 के वेतन बैंड 2 धन 4800/- रु0 ग्रेड वेतन में कम से कम दो वर्ष तक कार्य किया है ; या (iii) जिन्होंने 9300-34800/- रु0 के वेतन बैंड 2 धन 4600/- रु0 ग्रेड वेतन में कम से कम तीन वर्ष तक कार्य किया है ; और (ख) जिनके पास निम्नलिखित में से कोई एक अर्हता है :-- (i) जिसने केंद्रीय सरकार के किसी संगठित लेखा विभाग द्वारा संचालित अधीनस्थ लेखा सेवा या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो ; या (ii) जिसने सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान में रोकड़ और लेखा कार्य या समतुल्य में प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया हो तथा जिनके पास रोकड़ लेखे और बजट कार्य में एक वर्ष का अनुभव हो । **<u>टिप्पण</u> 1 :** प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया तीन वर्ष की होगी, जो पांच वर्ष तक विस्तारित की जा सकेगी । तथापि, प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी है, पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी । **<u>टिप्पण</u> 2 :** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष होगी । **<u>टिप्पण</u> 3 :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख विज्ञापन के वर्ष की 1 जुलाई होगी ।

(12)	(13)
<u>समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (नियुक्ति और प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए)</u> **<u>निम्नलिखित से मिलकर बनेगी</u>** :-- 1. कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान -- अध्यक्ष 2. निदेशक/उप सचिव, आपदा प्रबंधन प्रभाग, गृह मंत्रालय -- सदस्य 3. निदेशक/संयुक्त सलाहकार/उप सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाला) -- सदस्य 4. कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा नाम निर्देशित किए जाने वाला संयुक्त निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान/उसका प्रतिनिधि -- सदस्य	लागू नहीं होता ।

(1)	(2)	(3)	(4)
8. प्रशासनिक अधिकारी	**1* (एक) 2013** *(कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है ।)	समूह 'क'	वेतन बैंड 3 15600-39100/- रुपए धन 5400/- ग्रेड वेतन

(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	लागू नहीं होता	दो वर्ष	प्रोन्नति, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)

(11)
